>

Title: Need to construct a road over-bridge at Koshi railway crossing in Uttar Pradesh - laid.

श्रीमती जयाप्रदा (रामपुर): महोदय, राष्ट्रीय राजमार्ग (दिल्ली से रामपुर होते हुए लखनऊ तक) पर कोसी कॅ्रसिंग की वजह से रोजाना घंटों जाम रहता है। रोजाना लगने वाले इस जाम से जहां वाहन चालकों व राहगीरों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं वहीं लाखों रूपयों का नुकसान भी होता है।

दिन में ट्रेन गुजारने के लिए कोसी क्र्ासिंग का फाटक बंद कर दिया जाता है जिससे मुरादाबाद दिशा से आने वाले वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े हो जाते हैं। जाम के कारण वाहनों की कतारें बढ़ती चली जाती है। दूसरी ओर भी ट्रैफिक अधिक होने के कारण स्थिति खराब हो जाती है।

एनएच पर वाहनों का दबाव अधिक होने के कारण ओवरब्रिज ही एकमात्र् तरीका है जिससे जाम की समस्या कुछ हद तक कम हो सकती है।

हाईवे पर लगने वाले जाम की वजह से जनवरी, 2004 में तत्कालीन केन्द्रीय भूतल मंत्री ने कोसी ओवरब्रिज का शिलान्यास किया था। पिछले साल ओवरब्रिज निर्माण को लेकर एक बार फिर सेतु निर्माण विभाग ने कुछ दिलचस्पी दिखाई थी। वन विभाग ने ओवरब्रिज के आड़े आने वाले सैंकड़ों पेड़ भी काट दिये थे, लेकिन नतीजा कुछ भी नहीं रहा। तीन साल में इस प्र्रोजेक्ट की तरक्की उतनी ही है जितनी शिलान्यास के दौरान थी। यानी ओवरब्रिज निर्माण के लिए एक ईंट तक नहीं रखी गयी है और इस प्र्रकार कॅ्रसिंग पर फ्लाई ओवर की दिशा में अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है।